# Hindi Durva

## Chapter 14

**1 . समान अर्थ वाले शब्द को रेखा खींचकर मिलाओ |**

**रिझाना      लजाना**

**शरमाना     अच्छा लगना**

**मौज मनाना    सुगधित होना**

**महकना      खुशी मनाना**

**भाना        आकर्षित करना**

**उत्तर:** रिझाना – आकर्षित करना

शरमाना- लजाना

मौज मनाना- खुशी मनाना

महकना- सुगंधित होना

भाना - अच्छा लगना

**2 . कविता की पंक्तियां पूरी करो-**

**1. छोटी सी बगिया में देखो… .. . … .**

**2. इधर भटकते उधर भटकते……**

**3. झूमझूम कर मौज मनाते… .. …**

**उत्तर: 1.** छोटी सी बगिया में देखो- कितने रंग जमाते फूल सबके मन को मोह क्ेलगते हैं, हंसते और मुस्काते फूल|

2. इधर भटकते उधर भटकते- तनिक नहीं शरमाते फूल

3. झूमझूमकर मौज मनाते - सबका मन बहलाते  फूल

**3.कविता के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-**

**1.फूल सबका मन किस तरह मोह लेता है?**

**उत्तर:** फूल सबका मन हंसते और मुस्कुराते हुए मोह  लेता है|

**2.फूल किसे अपने पास बुलाता है?**

**उत्तर:** फूल तितली और भंवरे को अपने पास बुलाता है|

**3.फूल सबका मन कैसे बहलाते हैं?**

**उत्तर:** फूल झूम-झूम के खिलखिला कर मौज मस्ती करके सब का मन बहलाते हैं|

**4.फूल सबके मन को क्यों भाते हैं ?**

**उत्तर:** जिस तरह एक छोटा बच्चा सबके मन को आकर्षित करता है और अच्छा लगता है| उसी तरह फूल भी एक छोटे बच्चे जैसे हैं जो सबके मन को भाते हैं |